

## एक नजर में

### पानखेड़ी मण्डल में धर्मध्वजा स्थापना

**खिलचीपुर 04 जनवरी, सं.** आगामी 8 जनवरी को खिलचीपुर खंड के ग्राम पानखेड़ी में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर ध्वज स्थापना की गई. इस अवसर पर आसपास के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, समाजजन एवं मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. इस मौके पर निकाली गई यात्रा का ग्रामवासियों द्वारा स्वागत किया गया. संपूर्ण ग्राम भ्रमण के पश्चात धर्मध्वजा यात्रा सम्मेलन स्थल पर पहुंची, जहां वातावरण पूर्णत: भक्तिमय एवं उत्साह से परिपूर्ण दिखाई दिया. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक श्री प्रेमसिंह जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए आगामी हिंदू सम्मेलन के उद्देश्य, महत्व एवं समाज में एकता, समरसता और संगठन की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला. आयोजन समिति ने सभी को आयोजन में शामिल होने की अपील की. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक, युवा, मातृशक्ति एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**माचलपुर 04 जनवरी, सं.**



समीपस्थ मंडल गोरियाखेडा खोकरिया में विराट हिंदू सम्मेलन में हरिनारायण वैष्णव नरसिंह आश्रम खिलचीपुर, मनीष उपाध्याय हिंदू जागरण मंच क्षेत्रीय संगठन मंत्री, गुरुदेव मनीषा नंद डिक्टोन आश्रम के महंत धार वाले, गुरुदेव परमानंद महाराज घोगटपुर आश्रम, गुरुदेव बमबम आश्रम राजगढ़ आदि ने उद्‌बोधन दिया. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला, खण्ड, मण्डल पधादिकारीयों ने सरस्वती शिशु मन्दिर गोरियाखेड़ा के विद्यार्थियों द्वारा भागवत गीता सार की मनमोहक प्रस्तुतियां दी. आयोजन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं शामिल हुए. आभार बीरमसिहं तोमर रतनपुरा द्वारा किया गया.

### नर्मदा तट पर हुई भागवत कथा



**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 04 जनवरी, का.** नर्मदा तट ओम्कारेश्वर में पंडित सतीश नागर द्वारा की जा रही भागवत कथा का भव्य समापन हुआ. कथा के आयोजन में नगर सहित जिले भर से धर्मप्रेमी नागरिक शामिल हुए. 29 दिसम्बर से प्रारंभ भागवत कथा का शनिवार को समापन हुआ. कथा के साथ ही नित्य प्रतिदिन यज्ञ हवन भी किया गया. इस आयोजन में ब्यावरा, भोपाल, कुरावर,बड़ोदिया, आदि स्थानो से भक्त पहुंचे. आचार्य दुर्गाशंकर शर्मा, विष्णु बड़ोने,रामजी शर्मा,दिनेश शिवहरे, राघवेन्द्र सिंह तोमर, आशीष चतुर्वेदी, गिरनार सिंह ,ऋषभ शर्मा, दिलीप नामदेव, संजय नामदेव सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिकों ने कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया.

# पीएचई तक समय पर टेस्टिंग सैम्पल नहीं पहुंच पाते

## आज की 'सुध' पर नवभारत 19 जुलाई को कर चुका है आगाह : दूषित पानी पीने से 40 प्रतिशत मरीज पहुंचते हैं अस्पतालों की ओपीडी में

**जिला कलेक्टर के निर्देश के बाद हरकत में आया नगरीय निकाय का अमला**

**सीएमओ के साथ अमला जुटा पानी की जांच में**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़/ब्यावरा/सारंगपुर 04 जनवरी, का. इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने के कारण 16 लोगों की जान चली गई. हादसे के बाद नवभारत ने अपने दो दिन पहले के अंक में जिले में भी इस लापरवाही को प्रकाशित किया. मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने संज्ञान लिया और निकायों की बैठक ली. कलेक्टर ने निकायों को वाटर टेस्टिंग के सैम्पल नियमित रूप से पीएचई तक भेजने के निर्देश दिए. लेकिन तथ्य यह है कि निकायें समय से ये सैम्पल भेजती ही नही है. यह बात पीएचई में दर्ज आंकड़ों पर गौर करें तो साफ हो जाएगी.**



8 निकायों ने 3 साल से नहीं कराई पानी की जांच

जिले की छोटी नगरीय निकायें इस मामले में सजग, वे हर साल देते हैं जांच के लिए वाटर सैम्पल

नागरिकों को साफ पानी पिलाने की चिंता नहीं है निकायों के पास

जलकर की राशि वसूलने वाली निकायें महामारी को लेकर अलर्ट नहीं

नवभारत पड़ताल
गौरव चौरसिया

राजगढ़ 18 जुलाई, का. शासन की ओर से स्वच्छ पेयजल प्राप्त करना नागरिकों का मौलिक अधिकार है. लेकिन ये अधिकार उनसे छीनने में निकाएं आगे आ रही है. जिले की करीब 8 नगर परिषद ऐसी है जो अपने नागरिकों को साफ पानी पिलाना नहीं चाहती है. नवभारत द्वारा पड़ताल करने पर सामने आया है कि पीएचई में पिछले 3 सालों ने अपने द्वारा प्रदाय किए जाने वाले पानी की टेस्टिंग की इन निकायों ने नहीं कराई है. और ये निकायें जिले के बड़े और प्रमुख नगरों का प्रतिनिधित्व करती है.

ये 8 निकायें नहीं करा रही वाटर टेस्टिंग

जिले की सबसे बड़ी नगर पालिका ब्यावरा, जिला मुख्यालय पर नपा राजगढ़, नगर परिषद तलेन, परिषद माचलपुर, बोड़ा, कुरावर, खुजनेर और नगर परिषद खिलचीपुर द्वारा बीते 3 वर्षों से वाटर टेस्टिंग नहीं कराई है. पीएचई में भी पड़ताल करने पर इन निकायों के नाम सामने नहीं आए है. कुल मिलाकर नागरिकों को साफ पेयजल देने के मामले में ये 8 निकायें जागरुक नहीं है.

जिला मुख्यालय फिर से महामारी की तैयारी में

जिला मुख्यालय राजगढ़ में 2 फिल्टर प्लांट मोहनपुरा और वॉटर वर्क्स से 7 ओवर हेड टैंक के माध्यम से घरों में पीने का पानी पहुंचाया जाता है. लेकिन सूत्रों की मानें तो वर्षों से इनकी सफाई नहीं की गई है. उलेखनीय है कि वर्ष 2012 के मार्च महीने में दूषित पानी पीने से राजगढ़ नगर में महामारी जैसे हालत बन चुके है. उस दौरान नगर में जहां कई लोग बीमारी की चपेट में आ कर बीमार हो गए थे वहीं कुछ लोग गंभीर बीमार होते हुए अपनी जान तक गवा चुके थे. बमुश्किल जीवन सामान्य हुआ था. लेकिन अब नगर परिषद लगता है फिर से नगर को महामारी के मुंह में धकेलना चाहती है.

इसके अलावा छोटी निकायें इस मामले में जागरूक निकली हैं और वे पीएचई ने अपने द्वारा प्रदाय किए जाने वाले पानी की टेस्टिंग भी हर

निश्चित अंतराल में जांच होनी चाहिए

शासकीय सहित निजी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने वाली सभी संस्थाओं को नियमित पानी की जांच करवाना चाहिए. एक सीमित अंतराल में जांच होती रहना चाहिए क्यों कि लेबोरेट्री में टेस्ट के बाद ही पता चलता है पानी पीने योग्य है या नहीं.
रामजी लाल सेकवार
कार्यपालन यंत्री, पीएचई राजगढ़

साल करवा रही है. ऐसे में विभाग खिलचीपुर जैसी घटनाओं में अपनी गलती को ढांक देता है. वहीं राजगढ़ में पीलिया जैसी महामारी को फिर से निमंत्रण दिया जा रहा है. जानकारी के अनुसार जिले की 14 नगरीय निकायों में 8 नगरीय निकायों ने पिछले 3 सालों से पीएचई में वाटर टेस्टिंग नहीं कराई है. जिन जलस्त्रोतों से ये पेयजल सप्लाई करते हैं उन स्त्रोतों के पानी में संक्रमण, हानिकारक खनिजों की समावेश तो नहीं है इसे जांच कराना नागरिक हितों में जरूरी है. लेकिन ये 8 निकायें इसे जरूरी नहीं समझती है.

जिले की निकायों ने कब-कब कराई वाटर टेस्टिंग

मामले में अपनी पड़ताल में नवभारत ने पाया कि जिले की सुठालिया नगर परिषद प्रतिवर्ष राजगढ़ पीएचई में अपने जलस्त्रोतों का वाटर सैम्पल भेजती है. सुठालिया द्वारा 27 जुलाई 2022, 11 मई 2023 और 06 जून 2025 को पानी की जांच कराई गई है. इसके अलावा छापीहेड़ा द्वारा 25 नवंबर 2024, जीरापुर द्वारा 28 नवंबर 2024, सारंगपुर द्वारा 28 मई 2025 में पानी की जांच कराई है. वहीं नरसिंहगढ़ परिषद द्वारा स्थानीय स्तर पर पीएचई सेंटर में जांच कराई जा रही है. वहीं पचोर नगर परिषद द्वारा समय-समय पर पानी की जांच कराई जा रही है. लेकिन अन्य निकायों ने 3 वर्ष से अधिक समय से वाटर टेस्टिंग कराने की जहमत नहीं उठाई है.

2022 के बाद नहीं की पेयजल की जांच- राजगढ़ नगर पालिका द्वारा पिछली बार दिनांक 27 जुलाई 2022 में मोहनपुरा फिल्टर प्लांट के पानी की जांच पीएचई स्थित एनएबीएल (नेशनल एक्रीडेशन बोर्ड फॉर टेस्ट एंड कैलिब्रेशन लेबोरेट्रीज) द्वारा करवाई गई थी. वो भी तत्कालीन समय में नगर की पेयजल व्यवस्था सम्भल रही पी सी स्नेहल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा करवाई गई थी. जुलाई 2022 के बाद ने नगर पालिका राजगढ़ द्वारा किसी भी प्रकार की पेयजल की सरकारी जांच नहीं करवाई गई. वहीं अन्य 7 निकायों ने भी 3 वर्ष पूर्व ही पानी की जांच कराई थी. इसके बाद कोई सुध नहीं ली गई.

अपनी गलती छिपाने कैम्पर संचालकों पर कार्यवाही

बीते दिनों खिलचीपुर में गंदा पानी पीने से कई लोग बीमार हुए थे. संक्रमण ऐसा फैला की अस्पताल में मरीजों की बड़ी संख्या जमा हो गई. अगले ही दिन स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य अमले ने कैम्पर संचालकों के दस्तावेज पुष्ट ना होने पर कार्यवाही की. लेकिन वे अपनी गलती को सार्वजनिक करने से कन्नी काटते नजर आए. संक्रमित लोगों में वे भी शामिल थे जो निकाय द्वारा प्रदाय पेयजल पीते है. कार्यवाही करने के साथ ही अपनी गलती भी सुधारी जानी चाहिए.

### सफाई कार्य की दिनांक डालनी होगी पानी की टंकियों पर



ब्यावरा 04 जनवरी, का. नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक टंकियों की समय पर उचित सफाई हो इस हेतु सफाई करने वाली दिनांक एवं आगामी सफाई कब होगी वह दिनांक तथा ड्‌यूटी कर्मचारी का नाम मोबाईल नंबर टंकी पर अंकित किया जाएगा. ताकि पेयजल जैसे गंभीर मामले में पारदर्शिता बनी रही. नपा द्वारा शहीद कॉलोनी में विद्युत विभाग कार्यालय के समीप टंकी की सफाई कार्य कराया है. कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले की नगरीय निकायों ने भी सतर्कता बरतते हुए पेयजल सप्लाई को लेकर व्यापक कदम उठाए है. नपा द्वारा टंकियों को लेकर एक अच्छा निर्णय लिया है, बावजूद इसके अधिकतर स्थानों पर टंकियों के आसपास काफी गंदगी, कीचड़ मचा हुआ देखा जा सकता है, जबकि टंकियों के आसपास बेहतर सफाई होकर स्वच्छ वातावरण होना चाहिए ताकि पानी भरकर ले जाने वालों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो.

### पीएचई ने सीएमओ, निकाय अमले को दिया प्रशिक्षण, बांटी किट



कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देशों के बाद पीएचई ने जिले की समस्त नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, जल प्रभारियों सहित प्रत्येक नगरीय निकाय से नामांकित पांच-पांच कर्मचारियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया. जिला पंचायत सभागार में प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा पेयजल की सैंपलिंग प्रक्रिया, जल की गुणवत्ता जांच के मानक, फील्ड टेस्ट किट का उपयोग, दूषित जल की पहचान, रिपोर्ट तैयार करने की विधि एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई. बैठक कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि जल गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी. इस अवसर पर पी.ओ डूडा श्री साहू सहित सभी सीएमओ व कर्मचारी उपस्थित रहे.

### सीएमओ पहुंचीं फिल्टर प्लांट, ओवर हेड टैंक की सुध ली

**सारंगपुर.** कलेक्टर के निर्देश के बाद निकायों के जिम्मेदार जाग गए है. पेयजल की गुणवत्ता एवं पानी टेस्टिंग संबंधी निर्देश के बाद सारंगपुर सीएमओ ज्योति सुनहरे ने फिल्टर प्लांट एवं ओवर हेड टैंकों का निरीक्षण किया. पेयजल की टेस्ट किट के माध्यम से पेयजल गुणवत्ता की प्राथमिक परीक्षण कर ही पानी सप्लासय करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए ताकि जन-स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पडे.साथ ही पाइप लाइनों में होने वाली रुकावटों को दूर कर पेयजल की शुद्धता बनाए रखने तथा सप्लाई लाइन में बैक्टीरिया के जमाव को रोकने के निर्देश भी दिए गए. इसके अतिरिक्त नदी में मिलने वाले नालों से गंदे पानी के प्रवाह को रोकने हेतु आवश्यक उपाय करने एवं नगर पालिका स्तर पर गंदे पानी को रोकने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.



## धर्म, संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 04 जनवरी, का. हो गई शंखनाद हमें, अपना धर्म बचाना है, जात-पात में नहीं बंटना है, हमें हिंदू राष्ट्र बनाना है. जैसे नारों के साथ नगर में आयोजित हो रहे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला में शीतला माता बस्ती एवं महावीर बस्ती का हिंदू सम्मेलन राजमहल प्रांगण में संपन्न हुआ. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिंदू जागरण मंच के प्रांत संगठन मंत्री श्री मनीष उपाध्याय ने कहा कि जो समाज अपने अतीत की पीड़ा, वर्तमान की चिंता और भविष्य के सपनों पर विचार नहीं करता, वह समाज समाप्त हो जाता है.**

हिंदू समाज और संस्कृति पर उठने वाले प्रश्नों का उत्तर देने के लिए हिंदू समाज को संगठित होना आवश्यक है, इसी उद्देश्य से हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि समाज जितना सशक्त होगा, राष्ट्र उतना ही सशक्त होगा। भारत अब पुन: गुलाम नहीं होगा, ऐसे चरित्रवान लोगों का निर्माण करना आवश्यक है। समरस समाज के निर्माण पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि यदि अस्पृश्यता पाप नहीं है, तो कोई पाप नहीं है. कुटुंब के प्रबोधन का दायित्व मातृशक्ति पर अधिक है. माता द्वारा दिए गए संस्कारों से ही हिरण्यकशिपु जैसे वातावरण में भी प्रह्लाद जैसी संतानों का निर्माण संभव है.

मातृशक्ति की प्रतिनिधि श्रीमती जया जायसवाल ने स्वदेशी जीवन शैली एवं नागरिक शिष्टाचार विषय पर विचार रखे. उन्होंने कहा कि जन्मभूमि स्वर्ग से भी अधिक गरिमामयी होती है. हमें अपने संस्कार, संस्कृति और धर्म पर गर्व होना चाहिए. जब हम अपने नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करेंगे, तभी सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव होगा. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संत पंडित रोहित नागर (श्री खामखेड़ा सरकार) ने कहा कि हिंदू समाज का जागरण प्रचंड होना चाहिए. हमारी एकजुटता का ही परिणाम है कि राम मंदिर का निर्माण हुआ और धारा 370 हटाई गई. उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को संस्कार देने और अपनी संस्कृति का बोध कराने की आवश्यकता है. बुजुर्गों का वृद्धाश्रमों में जाना हमारी संस्कृति नहीं है, कुटुंब के प्रबोधन से ही इस सांस्कृतिक क्षरण को रोका जा सकता है. कार्यक्रम स्थल के प्रवेश द्वार पर भारत माता के समक्ष आहुति देकर पंच परिवर्तन के विषयों को आत्मसात करने का संकल्प हिंदू समाज द्वारा लिया गया. कार्यक्रम में नगर की प्रतिभावान छात्रा सुश्री शीतल पुष्पद एवं गो सेवकों का सम्मान किया गया. भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

## स्कूलों में दो दिन का अवकाश घोषित

**राजगढ़/ब्यावरा 04 जनवरी, का.** वर्तमान में शीतल लहर एवं कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा 5 एवं 6 जनवरी को जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक के लिए अवकाश घोषित किया गया है. गौरतलब है कि 31 दिसम्बर से 4 जनवरी तक पूर्व में अवकाश घोषित था. जिसे ठंड के भारी प्रकोप के चलते दो दिन और बढ़ा दिया गया है. रविवार को जिला शिक्षाधिकारी द्वारा जारी आदेश में जहां बच्चों के लिए अवकाश घोषित किया गया है जबकि शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों को विद्यालयीन समय में उपस्थित रहकर विद्यालयों की सुरक्षा, स्वच्छता, अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं देखेंगे.

## महादान : दो नेत्रहीनों को रोशनी देकर गईं दुर्गा बाई



नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 04 जनवरी, सं.** खिलचीपुर से पहला नेत्रदान मरणोपरांत श्रीमती दुर्गा बाई पत्नी स्व रामगोपाल का करवाने का निर्णय उनके सुपुत्रों श्यामसुंदर, गिरिराज एवं ओम ने खुशबू गुप्ता बाढ़गांव के निवेदन पर परोपकार की भावना अपनी सहमति प्रदान की. खुशबू ने नवज्योती नेत्रदान समिति, जीरापुर की अध्यक्षा पूजा गुप्ता के माध्यम से इंदौर स्थित शंकरा नेत्रालय की विशेषज्ञ टीम अनिल जी गोरे द्वारा खिलचीपुर में पुण्यात्मा के निवास पर परिवार की उपस्थिति में नेत्रदान की पावन प्रक्रिया विधिवत सम्पन्न करवायी. नेत्रदान को सम्पन्न करवाने में समाजसेवी प्रशांत मूंदड़ा ब्यावरा का सहयोग स्थानीय रहा. नेत्रदान उपरांत पूजा गुप्ता ने स्वर्गस्त आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व दुर्गा बाई ने मरणोपरांत भी दो नेत्रहीनों की आंखों को रोशनी से सदा के लिए रोशन कर समाज को नेत्रहीनता निवारण हेतु प्रेरणा प्रदान की है. पूजा ने आगे कहा कि नेत्रदान से चेहरे पर किसी भी प्रकार की विकृति नहीं आती, नेत्रदान में पूरी आंख नहीं वरन केवल कॉर्निया लिया जाता है अत: निश्चिंत होकर नेत्रदान का संकल्प ले तथा आमजन से नेत्रदान की अपील की.



## जेपीएल सीजन-2 का शुभारंभ, 7 टीमें भिड़ेंगी

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 04 जनवरी, सं.** स्थानीय स्टेडियम परिसर में जीरापुर प्रीमियर लीग जे.पी.एल. सीजन-2 का शुभारम्भ हुआ. कार्यक्रम में अतिथि क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी , विशेष अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचरण किरार, हनुमान पाटीदार , श्रीराम दांगी , महामंत्री रमेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधी शिव मंडलोई , सरपंच झड़माऊ दिनेश राठौर , सुजान गुर्जर , सोनू शर्मा उपस्थित रहे. विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं. जे.पी.एल. जैसे टूर्नामेंट ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं. इस टूर्नामेंट में कुल 7 टीमें भाग ले रही हैं, जिनका फरहान बिलाल , ऑनर फैजल खान, सोनू खान, लक्ष्मण सिंह बना, कृष्णा पाटीदार, मेलखेड़ा इंडियंस ऑनर महेंद्र ठाकुर, सुजान गुर्जर, दुर्गेश सेन, द लीजेंड्स परवेज खान, देवराज गुर्जर, सुल्तान दिलशाद, बबलू , बाबू मालवीय शामिल रहे. आयोजकों ने बताया कि यह टूर्नामेंट आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया जा रहा है. संचालन खेल शिक्षक अरविंद बंसल द्वारा किया गया. शुभारम्भ अवसर पर अश्विन पंडित, शकील खान, अकील खान, समीर, शाहरुख, भगवान मालवीय, शानू, निलेश, गोलू सक्सेना, आकाश तोमर, अली, अपूर्व सक्सेना सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

## सौंधिया समाज का खेल स्पर्धा समापन, बांटे पुरस्कार

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 04 जनवरी, का.** अभा सौंधिया राजपूत महासभा द्वारा स्टेडियम प्रांगण में जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. ब्लॉक स्तर पर चयनित तीन-तीन बालक एवं बालिकाओं ने सहभागिता की. प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सविता सिसोदिया, द्वितीय मनीषा पवार ब्लॉक खिलचीपुर, तृतीय निशा पवार फुलखेड़ी, राजगढ़ के साथ बालक



वर्ग में प्रथम रोहित खिलचीपुर, द्वितीय बलराम पोलाखेड़ा जीरापुर, तृतीय योगेश ब्यावरा रहे. समापन अवसर पर राष्ट्रीय सचिव रामनारायण सोलंकी, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज कल्पोनी, युवा संगठन जिला अध्यक्ष ईश्वरसिंह तोमर, युवा कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह किलखेड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष चंदर सिंह तोमर, केपी पंवार, सुल्तान सिंह मोतीपुरा, शिवसिंह, शिवराज सिंह नारायणघटा, नरवर सिंह सिसोदिया, इंदर सिंह नाईपुरिया, विक्रम सिंह किलखेड़ा, रमेश बरखेड़ा, तरवर सिंह पंवार, कमल सिंह कुंडीबे, गोविंद सिंह, जगदीश पालड़ीयाखी, नारायणसिंह सहित बड़ी समाजजन उपस्थित रहे.



## डीसीसी-2 में सारंगपुर ने ट्रॉफी जीती

नवभारत न्यूज

**पडाना 04 जनवरी, सं.** डीसीसी लीग-2 पड़ाना के तत्वाधान में रविवार सेमी फाइनल का फाइनल मुकाबला हुआ. जिसमें पहला सेमीफाइनल मुकाबला एंजॉय क्लब सारंगपुर और सांवरिया प्रॉपर्टी इलेवन के बीच खेला गया.जिसमें एंजॉय क्लब सारंगपुर ने आसानी से मुकाबले को जीत जीतकर फाइनल मुकाबले में पहुंची वही दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला धड़कन इलेवन और डीसीसी पड़ाना के बीच खेला गया. जिसमें डीसीसी ने धड़कन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया. तत्पश्चात फाइनल मुकाबला एंजॉय क्लब सारंगपुर एवं डीसीसी पड़ाना के बीच खेला गया जिसमें रोमांचक मुकाबले में एंजॉय क्लब सारंगपुर प्रथम विजेता बनकर डीसीसी लिंग 2 की प्रतियोगिता पर कब्जा पा लिया. वही उपविजेता के रूप में डीसीसी क्लब पडाना रही. जहां आयोजन समिति द्वारा प्रथम विजेता टीम को 51 हजार रुपए का चेक व शील्ड देकर सम्मानित किया गया. वहीं उपविजेता डीसीसी धड़कन को 25 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. इस दौरान उक्त मैच में जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर आयोजक समिति सदस्य इत्यादि उपस्थित रहे.

**अयोजन** ग्रामीण अंचलों में हिन्दू सम्मेलन में जुटे बच्चे, महिलाएं, विशाल कलश यात्रा बनी आकर्षण

## जयघोष के साथ संस्कृति का कलश लेकर निकलीं महिलाएं

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 04 जनवरी, सं.** ग्राम भाटखेड़ा में रविवार को संघ के शताब्दी वर्ष पर भव्य हिंदू सम्मेलन में आयोजन से पूर्व विशाल कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें माताओं-बहनों, युवाओं एवं ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की. कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई ईजीएस विद्यालय परिसर पहुंची. कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से की गई. इसके पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर की बालिकाओं ने स्वागत गीत एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया. सम्मेलन में भाटखेड़ा, जटामड़ी एवं देवाखेड़ी गांवों स




हजारों की संख्या में सनातनी समाज के लोग शामिल हुए. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विभाग संघचालक उदयसिंह चौहान, जिला संरक्षक हरिसिंह केशवाल, सदानंद त्यागी महाराज एवं कथा प्रवक्ता गोपेशनाथ महाराज मंचासीन रहे. अपने ओजस्वी उद्बोधनों में वक्ताओं ने कार्यक्रम को राष्ट्रमय और धर्ममय वातावरण प्रदान किया. संतों ने कहा कि सेवा भाव ही सनातन धर्म की आत्मा है. संतों ने कहा, यदि हमें राम राज्य चाहिए तो राम जैसा आचरण भी अपनाना होगा. उन्होंने राम-भरत के त्याग और भाईचारे का उदाहरण देते हुए समाज में आपसी सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा दी. आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों, गुरु कृपा साउंड, तथा छापीहेड़ा पुलिस बल का सराहनीय सहयोग रहा.

### हिंदू जैसे श्रेष्ठ धर्म में जन्म लेना सौभाग्य

**नवभारत न्यूज, सुठालिया 04 जनवरी, सं.** हमने हिंदू जैसे श्रेष्ठ धर्म में जन्म लिया हम सब भारत माता की संतान है. जहां चींटी को आटा खिलाया जाता हो मछलियों को दाना डाला जाता हो ऐसा श्रेष्ठ धर्म हिंदू धर्म है. यह बात विधा भारती के पदाधिकारी निखिलेश माहेश्वरी ने रविवार को बड़ाबाग रोड पर स्थित शिशु मंदिर के परिसर में हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही. भागवत कथा वाचक सज्जन शर्मा ने कहा कि भारत वह देश है जहां सूरज सबसे पहले निकलता है. सम्मेलन को दुर्गा वाहिनी की प्रांत प्रमुख रिंकू सुनहरी ने भी संबोधित किया. इस दौरान मंच पर हिंदू सम्मेलन के संयोजक संजय पालीवाल, पंडित नवल किशोर शर्मा, महंत भगवान पूरी आदि मौजूद थे. मंच संचालन रत्न सिंह मालवीय ने किया. सम्मेलन के उपरांत विशाल से सह भोज का आयोजन किया गया.





**कार्यालय राजन सिटी रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्या दित ब्यावरा**

पीजी कालेज के सामने राजगढ़ रोड़ ब्यावरा जिला राजगढ़ (मप्र)
(सहकारिता विभाग मप्र शासन से मान्यता प्राप्त) पंजीयन क्रमांक DR/RJG/110254

क्र-01 दिनांक 01.01.2026

**विज्ञप्ति**

राजगढ़ रोड़ ब्यावरा स्थित राजनसिटी कॉलोनी में बाउन्ड्री वाल के ऊपर चार फीट ऊंचाई में एंगल लगाकर गोल तार फेंसिग का कार्य कराया जाना है. इच्छुक ठेकेदार कार्य स्थल का निरीक्षण कर दिनांक 15.01.2026 तक अपनी दर कॉलोनी प्रबंधक को प्रस्तुत कर सकते है.

सचिव
अंकुर राजन
9639628877

अध्यक्ष
मीना संपत मोदानी
9893415555